# चित्रकूट और मैहर में पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा प्रारंभ

## उत्साह और उमंग से हुआ पहली उड़ान का स्वागत

नवभारत न्यूज

**मैहर, 24 नवम्बर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अनूठी पहल पर मध्यप्रदेश में हवाई पर्यटन के क्षेत्र में एक गौरवशाली अध्याय प्रारंभ किया गया है। प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी को सुदृढ कर पर्यटकों की संख्या में वृद्धि करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा का संचालन विधिवत शुरू हो गया है।**

वाइल्ड लाइफ सेक्टर के शेडयूल के अनुसार जबलपुर-मैहर-चित्रकूट-मैहर-जबलपुर ट्रिप वन पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा की पहली उडान 24 नवम्बर सोमवार को सुबह 10.40 बजे जबलपुर से मैहर पहुंची। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के पर्यटन स्थलों और आध्यात्मिक धार्मिक महत्व के स्थलों को एयर कनेक्टिविटी से जोडकर पर्यटन के क्षेत्र को नई दिशा दी जा रही है। सतना जिले के चित्रकूट और मैहर जिले के धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में आर्थिक विकास और रोजगार के साधन बढेंगे। सांसद सतना गणेश सिंह ने कहा कि धार्मिक पर्यटन हमेशा उस क्षेत्र और प्रदेश के विकास के मील के पत्थर होते है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दूरगामी सोच से प्रदेश के सभी तीर्थ स्थलों,



पर्यटन क्षेत्रों को हवाई सुविधा के लिए हेलीकॉप्टर सेवा प्रारंभ की गई है। उन्होंने कहा कि मैहर और चित्रकूट के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी ने कहा कि मैहर प्रसिद्ध धाम को पीएम श्री हेलीकॉप्टर सेवा मिलने से अब यह धार्मिक स्थल भी हवाई सेवा मार्ग से जुड गया है।

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के क्षेत्रीय प्रबंधक एनएस राणा ने बताया कि निर्धारित शेडयूल के अनुसार सप्ताह में दो दिन सोमवार और मंगलवार को मैहर और चित्रकूट के लिए पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा दी जायेगी। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड और फ्लाई ओला कंपनी मैहर और चित्रकूट आने वाले यात्रियों के लिए मैहर में शीघ्र दर्शन सुविधा, प्रसाद और स्थानीय ट्रांसपोर्ट सेवाओं के लिए भी पैकेज तैयार करेगी। पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा के तहत मैहर पहुंचे हेलीकॉप्टर ने स्थानीय जनों को ज्वाय राइड भी कराई। हेलीकॉप्टर ने प्रात: 11.35 बजे मैहर से सतना जिले के चित्रकूट के लिए उडान भरी। जिसमें नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद सतना गणेश सिंह और मैहर से सिंगरौली जिले के बरगवां निवासी यात्री रीतेश शाह ने हेलीकॉप्टर से चित्रकूट तक का सफर तय किया।

### स्वागत करने वालों में शामिल रहे

यहां नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद सतना गणेश सिंह, विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी, नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी, वनसमिति के सभापति हरीशकांत त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने, अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह, एसडीएम दिव्या पटेल, सीएसपी महेन्द्र सिंह, सीएमओ सुषमा मिश्रा सहित गणमान्य नागरिकों ने पहली उडान का उत्साह और उमंग के साथ पारंपरिक स्वागत किया।



# चलती कार में लगी आग बच कर निकला परिवार

## निर्मल सिटी के पास घटी घटना

नवभारत न्यूज

**रीवा, 24 नवम्बर, चोरहटा थाना अन्तर्गत निर्मल सिटी के पास एक चलती कार में अचानक आग लग गई और बीच सड़क पर ही धू-धू कर कार जलकर खाक हो गई. मुकुन्दपुर से एक परिवार रेलवे स्टेशन जा रहा था तभी शाम 7 बजे के आसपास अचानक कार में आग लग गई. किसी तरह जान बचाकर कार सवार बाहर निकले. जब तक फायर बिग्रेड पहुंची तब तक कार पूरी तरह से जलकर राख हो गई.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार रेवांचल ट्रेन पकड़ने के लिये मुकुन्दपुर से ऋषिराज सिंह परिहार अपने परिवार को रेलवे स्टेशन छोड़ने जा रहे थे. जैसे ही कार चोरहटा थाना के आगे निर्मल सिटी के पास पहुंची अचानक उसमे आग भड़क उठी. आग को देखते हुए चालक सहित कार में बैठे सभी लोग तत्काल बाहर निकल आए और एक बड़ा हादसा टल गया. देखते ही देखते कार पूरी तरह से आग के गोले में तब्दील हो गई. जब तक दमकल पहुंचा तब तक कार पूरी तरह से जल चुकी थी. दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया उसके बाद आवागमन बहाल हुआ. सड़क पर ही कार जल रही थी जिसके कारण सतना से रीवा की तरफ आने वाले वाहन रूक गये थे. आग बुझने के बाद वाहन रवाना हुए.




# अव्यवस्थाओं से आक्रोशित मेडिकल छात्रों ने किया प्रदर्शन

## जिला चिकित्सालय परिसर में की नारेबाजी कर सौंपा ज्ञापन



नवभारत न्यूज

**सतना 24 नवंबर. पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय मेडिकल सतना के छात्रों का आक्रोश सोमवार को उबल पड़ा. जिला चिकित्सालय परिसर में एकत्रित छात्रों ने मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया. इतना ही नहीं बल्कि छात्रों द्वारा मांग पत्र भी सौंपा गया.**

जिले को मेडिकल कॉलेज की उपलब्धि प्राप्त हुए लगभग 3 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं. लेकिन इसके बावजूद भी यदि वहां पर अध्ययनरत छात्रों को मूलभूत सुविधाओं की मांग के लिए विरोध प्रदर्शन करने की नौबत आ जाए तो फिर जिम्मेदार व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न उठना लाजमी है. हलांकि इसके पहले भी कुछ मेडिकल छात्रों द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए अपनी मांग सामने रखने का प्रयास किया जा चुका है. लेकिन व्यवस्था के जिम्मेदारों के कान में जूं तक नहीं रेंगने के कारण सोमवार को उनका आक्रोश उमड़ पड़ा. सोमवार को जिला चिकित्सालय परिसर में एकत्रित मेडिकल छात्रों ने अचानक ही मुखर होते हुए विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया. हाथो में तख्ती लिए नारेबाजी कर रहे छात्र न सिर्फ खासे आक्रोशित नजर आ रहे थे. बल्कि उनका गुस्सा इस बात को लेकर भी था कि व्यवस्था की अनदेखी के चलते उनका कैरियर दांव में लग रहा है. चिकित्सालय परिसर में काफी देर तक नारेबाजी करने के बाद मेडिकल छात्र जिला कलेक्टोरेट परिसर में पहुंच गए. जहां पर भी उन्होंने अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया. लेकिन इस दौरान छात्रों का गुस्सा उस वक्त कुछ कम हुआ जब एसडीएम द्वारा उनसे चर्चा की गई. चर्चा के दौरान अपनी समस्यायों को सामने रखने के बाद मेडिकल छात्रों ने कलेक्टर के नाम संबोधित मांग पत्र सौंपा. इसी कड़ी में मेडिकल छात्रों ने इस बात की चेतावनी भी दी कि यदि उनकी मांगों को समय रहते पूरा नहीं किया गया तो वे एक बार फिर से बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जाएंगे.

### परिवहन सुविधा बड़ी समस्या

मेडिकल छात्रों के अनुसार नेशनल मेडिकल कौंसिल के अनुसार प्रत्येक मेडिकल कॉलेज का अपना अस्पताल होना अनिवार्य है . यदि कॉलेज के पास अस्पताल नहीं है तो फिर छात्रों को मेडिकल कॉलेज-अस्पताल के बीच परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जानी चाहिए . अस्पताल परिसर में डेमोंस्ट्रेशन रुम की कमी होने के कारण छात्रों को प्रैक्टिकल शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है . अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर में पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध नहीं है . अस्पताल परिसर में स्वच्छ और पर्याप्तज वाशरुम उपलब्ध नहीं है . लिहाजा सामान्य स्थिति के साथ-साथ मासिक धर्म के दौरान छात्राओं को वहां पर 3-3 घंटे रहना किसी प्रताड़ना से कम नहीं होता .

# एसआईआर के काम में लगे बीएलओ को ब्रेन हेमरेज

- अस्पताल में चल रहा उपचार, काम का था दबाव

नवभारत न्यूज

**रीवा, 24 नवम्बर, जिले भर में इस समय एसआईआर का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है और शत-प्रतिशत कार्य पूरा करने का दबाव भी बीएलओ पर है. कथित तौर पर कार्य का दबाव के चलते बीएलओ विजय पाण्डेय को ब्रेन हेमरेज हो गया. जिन्हे अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती कराया गया.**



बताया गया है कि पुष्पराज नगर में पदस्थ सहायक शिक्षक विजय पाण्डेय बीएलओ के रूप में एसआईआर के कार्य में हुए हुए थे. अचानक बीमार पड़ गये और ब्रेन हेमरेज हो गया. सिर में तेज दर्द के साथ बेहोशी की हालत में संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा उनकी हालत स्थिर बनी है और इलाज चल रहा है. परिजनो के मुताबिक विजय को शनिवार-रविवार से तेज बुखार थी फिर भी ड्यूटी पर गये थे क्योंकि नोडल द्वारा फोन करके सर्वे पूरा करने के लिये कहा जा रहा था. परिजनो का आरोप है कि मानसिक तनाव और लगातार काम के दबाव के चलते यह स्थित बनी है. फिलहाल बीएलओ का उपचार चल रहा है.

# जैतपुर गांव में विक्षिप्त युवक ने दो बाइकों एवं घर में लगाई आग

- जयंत पुलिस चौकी का मामला

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 24 नवम्बर । पुलिस चौकी जयंत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 20 जैतपुर निवासी एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक ने दो बाइक एवं घर में आग लगा दिया, जहां दोनों मोटरसाइकि जल कर खाक हो गई । वहीं मकान के अंदर रखी कई सामग्रियां भी जल गई ।**

मौके पर पुलिस एवं दमकल पहुंच आग पर काबू पाया है। अर्द्धविक्षिप्त युवक अपने सिर पर



खुद वार कर लहुलुहान कर दिया। जिसका इलाज नेहरू चिकित्सालय जयंत में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार जैतपुर निवासी रघुनाथ साहू पिता रामप्रताप साहू उम्र 28 वर्ष की मानसिक हालत ठीक नही है। आज दिन सोमवार की सुबह 11 बजे अचानक आपा खोया और पेट्रोल लेकर घरों एवं बाइको पर छिड़कते हुये आग लगा दिया। युवक की मॉ एवं अन्य परिजन धर-पकड़ कर रहे थे, लेकिन उसके आगे सब बेवस नजर आये। उसके पिता रामप्रताप साहू एनसीएल में ड्यूटी करने गये हुये थे। इध घटना को देख आसपास के लोग आग पर काबू पाने पुलिस को इतला दिये। जहां फायर बिग्रेड एवं पुलिस जब तक पहुंचती, तब तक में दोनो बाइके जलकर खाक हो गई और घर के अंदर धुआं ही धुआं उठ रहा था। बताया जाता है कि घर के अंदर की कुछ सामग्रियां जल गई हैं।

इस दौरान लाखों रूपये का नुकसान होने का अनुमान है। उधर अर्द्धविक्षिप्त युवक अपने सिर पर खुद चोट पहुंचाते हुये लहुलुहान हो गया। फिलहाल अर्द्धविक्षिप्त युवक पुलिस के निगरानी में है।

# सड़क दुघर्टना : बस और ऑटो की टक्कर,ऑटो चालक की मौत, 6 यात्री घायल

## जमोड़ी थाना अन्तर्गत अधियारखोह में हुई दुर्घटना, घटना के बाद चालक फरार

नवभारत न्यूज

**सीधी, 24 नवम्बर. शहर के जमोड़ी थानांतर्गत अधियारखोह में रविवार रात प्रधान बस ने ऑटो को टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो चालक की मौत हो गई और आटो में सवार 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो सड़क पर पलट गया।**

घायलों में एक मासूम बच्ची का पैर टूट गया , जिसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। स्थानीय लोगों और 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के बाद आरोपी चालक बस समेत मौके से फरार हो गया था , बाद में जमो?ी पुलिस ने बस को जप्त कर लिया । ऑटो चालक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रीवा मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया जहां उपचार के दौरान




उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार घायल वर्मा परिवार सीधी से तिलक की खरीदारी कर अपने घर लौट रहा था। परिवार अर्पित वर्मा के यहां 25 नवंबर को होने वाले तिलक समारोह की तैयारी के लिए आया था।

### मृतक और घायलों में ये शामिल

हादसे में ऑटो चालक छोटेलाल पिता गणेश साकेत उम्र 50 वर्ष की मौत, छाया पिता सुरेश वर्मा उम्र 6 वर्ष, कोमल पिता सुरेश वर्मा उम्र 13 वर्ष, आंचल पिता सुरेश वर्मा उम्र 14 वर्ष, सुरेश पिता बाल्मीक वर्मा उम्र 45 वर्ष, प्रिया पिता सुरेश वर्मा उम्र 11 वर्ष घायल हैं। ऑटो चालक को गंभीर चोट आने पर रीवा के लिए रेफर किया गया था जहां उपचार के दौरान मौत हो गई।

### इनका कहना है

हादसे के 6 घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक मरीज को रीवा भेजा गया था जहां उपचार के दौरान मौत की जानकारी मिली है। शेष घायलों की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। बस और आटो जप्त कर कार्रवाई की जा रही है।

**दिव्य प्रकाश त्रिपाठी**
थाना प्रभारी जमोड़ी



# विंध्या हॉस्पिटल में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता आयोजित

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 24 नवम्बर । विंध्या हॉस्पिटल द्वारा रचनात्मकता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**

इस प्रतियोगिता में स्टाफ सदस्यों ने उपयोग हो चुके वायल्स, ड्रेङ्क ट्यूब्स, बोतलें और अन्य अस्पताल सामग्री को आकर्षक व उपयोगी मॉडलों में परिवर्तित कर अपनी कल्पनाशीलता और कौशल का परिचय दिया। कार्यक्रम ने टीम की सतत विकास, संसाधन-संरक्षण और 5ह्य सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता को उजागर किया।

यह कार्यक्रम डॉ. बीके भराली महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसमें डॉ. वर्तिका कुलश्रेष्ठ वरिष्ठ स्पेशलिस्ट, विंध्या चिकित्सालय, सुर्जन सिंह राजपूत सहायक ऑफिसर, विंध्या हॉस्पिटल और सविता पटेल मैट्रन ने प्रभावी समन्वय किया। जजिंग पैनल में डॉ. मयूराक्षी भराली महाप्रबंधक, चिकित्सा, सुमन कुमार अपर महाप्रबंधक, प्रचालन और गार्गी प्रसाद कोषाध्यक्ष, सुहासिनी संघ शामिल रहीं, जिन्होंने प्रतिभागियों की ऊँची गुणवत्ता और उत्कृष्ट रचनात्मकता की सराहना की।

# झांझी टोला में 22 लीटर देशी महुआ शराब जब्त

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 24 नवम्बर । सासन चौकी पुलिस ने झांझी टोला गांव के एक घर में दबिश देते हुये 22 लीटर देशी महुआ शराब जप्त कर भारी मात्रा में महुआ लाहन नष्ट की है।**

सासन चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप नामदेव ने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज दिन सोमवार को पुलिस ने आरत सिंह गोड़ पिता दिलबरन सिंह गोड़ उम्र 36 वर्ष निवासी झांझी टोला चौकी सासन को अवैध हांथ भट्टी महुआ शराब पर से 22 लीटर देशी हाथ भट्टी महुआ की शराब कीमती 3150 रूपये जान कर एवं



10 मग प्लास्टिक के डिब्बा महुआ लाहन नष्ट कराया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 34(1)आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

उक्त कार्रवाई में उपनिरीक्षक संदीप नामदेव, सउनि विजय अग्निहोत्री, प्रआर संतोष साकेत,मो. कौसर, हेमराज पटेल, अरविन्द सिंह लल्लू सिंह, आर जितेन्द्र, अनिल सिंह की सराहनीय योगदान रहा।

# घर से निकली नाबालिग छात्रा चोटिल अवस्था में मिली

- बेहोशी की हालत में संजयगांधी में भर्ती कराया गया

नवभारत न्यूज

**रीवा, 24 नवम्बर, सेमरिया थाना अन्तर्गत एक नाबालिग छात्रा घर से शाम को सामान लेने निकली और जब रात 8 बजे तक घर नही लौटी तो परिजनो ने पुलिस को सूचना देने के साथ खोजबीन शुरू की.**

बगीचे में झाडियो में चोटिल अवस्था में छात्रा मिली. जिसे बेहोशी की हालत में उपचार के लिये संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पीड़ित के माँ द्वारा बताए गए दो संदेहियो को पूंछताछ के लिये थाने लाया गया है. एक ने मारपीट करना बताया है. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है.

बताया गया है कि पीड़िता घर से साइकल लेकर सामान लेने के लिये निकली थी जब वह चार घंटे तक वापस नही आई तो माँ ने आसपास के लोगो को जानकारी दी और बेटी की तलाश शुरू की गई. इसी दौरान पुलिस को भी जानकारी दी गई. बगीचे में पीड़िता चोटिल अवस्था में मिली. जिससे पूंछताछ की गई है. इस संबंध में सेमरिया थाना प्रभारी विकास कपीस ने बताया कि पीड़िता के होश आने पर पूंछताछ की गई है और दो युवको को संदेह के आधार पर पूछताछ के लिये थाना लाया गया है.

फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है, एक ने डंडे से मारने की बात कबूल की है.


# दूध से निर्मित सामग्रियों की नियमित जांच करने के निर्देश

## नवभारत की खबर का असर, कलेक्टर ने सीएमएचओ को किया निर्देशित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 24 नवम्बर । मिलावटी दूधखोरों के विरूद्ध कलेक्टर ने सख्त कार्रवाई करने के लिए सीएमएचओ के साथ-साथ सिविल सर्जन एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है। नवभारत ने आज दिन मिलावटी दूध की खबर को प्रकाशित किया था।**

कलेक्टर गौरव बैनल ने आज दिन सोमवार को बैठक में धान उपार्जन केन्द्रो की व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा किसानो के धान कटाई प्रगति के साथ-साथ कोदौ कुटकी पंजीयन सहित अन्य की जानकारी प्राप्त करने के पश्चात निर्देशित किया कि सभी उपार्जन केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, ताकि किसानो को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। कलेक्टर ने कहा कि मेरे द्वारा भी उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया जायेगा। उन्होंने सीएमएचओ एवं सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी के माध्यम



से नियमित रूप में बाजारो में बिकने वाली खाद्य सामग्री विशेषकर दूध से निर्मित सामग्रियों की सैम्पलिंग जॉच के लिए प्रयोगशाला में भेजने की कार्यवाही करें। लिए जाने वाले सैम्पलो का वर्गीकरण कर जॉच के लिए मासिक लक्ष्य निर्धारित करें। यदि जॉच में किसी भी प्रकार की अनिमितता मिलती है तो संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करें। कलेक्टर ने जिले में खाद की उपलब्धता की जानकारी लेने के पश्चात संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में खाद बीज की कमी न होने पाये तथा पराली जलाने की शिकायत आने पर जॉच कर कार्यवाही करें। कलेक्टर ने टीएल में प्राप्त शिकायतों के साथ-साथ सीएम हेल्पलाइन तथा समाधान बिंदु से संबंधित शिकायतों के निराकरण की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिए कि सभी जिलाधिकारी प्राप्त शिकायतो आवश्यक रूप से अटैंड कर संतुष्टि पूर्वक समय सीमा के भीतर निराकरण करें।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक के दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, ननि आयुक्त सविता प्रधान, जिपं अतिरिक्त सीईओ अरविंद डामोर, डीईओ एसबी सिंह, डीपीसी आरएल शुक्ला, खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल, आरटीओ बिक्रम सिंह राठौर, उपायुक्त सहकारिता पीके मिश्रा सहित जिलाधिकारी मौजूद रहे।

मध्यभारत के प्रतिष्ठित समाचार पत्र
नवभारत
समूह के सतना संस्करण में संपादकीय सहयोगियों की आवश्यकता है . विस्तृत विवरण के साथ अधोलिखित पते पर आवेदन करें . वेतन योग्यतानुसार,न्यूनतम अर्हता स्नातक, पत्रकारिता स्नातक को प्राथमिकता, स्वयं का दो पहिया वाहन होना अनिवार्य है
पता :- नवभारत प्रेस, इंडस्ट्रियल एरिया रीवा रोड सतना

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99